EDII

Rajasthan Patrika

July 27, 2023
Page No.02

ईडीआइआइ में भारत विचार-मंथन सत्र

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारत की जी20 अध्यक्षता में युवाओं को शामिल करने और इस दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी के प्रयासों के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने भारत विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया।

रिसर्च एंड इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) के सहयोग से आयोजित इस सत्र में फ्यूचर ऑफ वर्क-इंडस्ट्री 4.0, इनोवेशन और 21वीं सदी के कौशल पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि व गांधीनगर के महापौर हितेश मकवाना, आरआईएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज वशिष्ठ और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर डॉ. शुक्ला ने कहा कि हमें अपने युवाओं में योग्यताओं और क्षमताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए और उन्हें विकास में शामिल करना चाहिए।